मूक बधिर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए बाँस से कलात्मक प्राणी बनाने की कार्यशाला

भोपाल। क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, भोपाल (राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, नयी दिल्ली का क्षेत्रीय केन्द्र) द्वारा मूक बधिर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए ''बाँस से कलात्मक प्राणी बनाने की कार्यशाला'' का आयोजन 28 नवम्बर, 2024 को किया गया। इस कार्यशाला में आशा निकेतन बधिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल और उमंग गौरवदीप कल्याण समिति, भोपाल के कुल 36 विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने भाग लिया। राज्य पुरस्कार से सम्मानित बाँस शिल्पी श्री धर्मेन्द्र रोहर इस कार्यशाला के स्त्रोत व्यक्ति थें। कार्यशाला के आंरभ में वैज्ञानिक-सी श्री मानिक लाल गुप्त ने सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों का स्वागत किया और साथ ही श्री गुप्त ने हरा पतरंगा पक्षी का पारिस्थितिक तंत्र में महत्व एवं उसकी संरक्षण की आवष्यकता के बारे में बताया।

कार्यशाला के दौरान श्री धर्मेन्द्र रोहर के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों ने बाँस की सहायता से हरा पत्रिंगा सहित अनेक पक्षियों को बनाना सीखा।

कार्यशाला के समापन सत्र के दौरान वैज्ञानिक-सी श्री मानिक लाल गुप्त ने कहा कि बाँस की सहायता से अन्य दूसरे प्राणी भी बनाये जा सकते है। साथ ही सभी प्रतिभागियों को संग्रहालय के वैज्ञानिक-सी श्री मानिक लाल गुप्त एवं श्री धर्मेन्द्र रोहर ने प्रमाण पत्र प्रदान किया।

अभिनेता देवरकोंडा ने अपने अंदाज में ईपीआईसी से एफसी के स्वाद का उठाया लुत्फ

भोपाल। एक्शन स्टार विजय देवरकोंडा ने अपने अंदाज में ईपीआईसी सेएफसी के बेहतरीन स्वाद का लुत्फ उठाया। वीडी 12 के अभिनेता को आसमान में, अपने पसंदीदा क्रिस्पी चिकन का स्वाद लेते हुए देखा गया। अभिनेता अपनी आगामी फिल्म के लिए एक अंतरराष्ट्रीय एक्शन निर्देशक के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में अपने नवीनतम ईपीआईसी फूड एडवेंचर को इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के माध्यम से शेयर किया। विजय को धरती से कई फीट उपर हॉट एयर बैलून में देखा गया। उन्होंने भारत के सबसे ईपीआईसी सेएफसी इन दा का अनुभव किया। विजय काले शर्ट, सफेद लिनन पैंट और एक बेज रंग की टोपी के साथ काफी स्टाइलिश लग रहे थे। विजय ने चखष्ट मेनू से अपने पसंदीदा व्यंजन का आनंद लिया। उन्होंने आइकॉनिक हॉट एंड क्रिस्पी चिकन बकेट और क्लासिक अमेरिकन ज़िंगर के लजीज स्वाद का लुत्फ उठाया। विजय देवरकोंडा ने कहा, मेरे लिए सिर्फ अच्छा काफी नहीं है। मैं असाधारण, के रोमांच के लिए जीता हूं।

ओला इलेक्ट्रिक ने गिग और एस 1 जेड स्कूटर पेश किए

भोपाल। भारत की सबसे बड़ी प्योर.प्ले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने अपने गिग और एस1 जेड स्कूटर लॉन्च किए हैं। ये स्कूटर आम लोगों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रदान करने के लिए पेश किए गए हैं। इन नए स्कूटर्स में ओला गिग, ओला गिग़, ओला एस1 जेड और ओला एस1 जेड़ स्कूटर शामिल हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 39,999 (एक्स.शोरूम), 49,999 (एक्स.शोरूम) 59,999 (एक्स.शोरूम) और 64,999 (एक्स.शोरूम) से शुरू होते हैं। गिग और एस1 जेड सीरीज़ की बुकिंग आज से सिर्फ़ 499 में शुरू हो गई है। ये स्कूटर टिकाऊ, भरोसेमंद, किफ़ायती और फ्लेक्सिबल समाधान प्रदान करते हैं। इनमें रिमूवेबल बैटरी दी गई है, जो ग्रामीण, अर्ध.शहरी और शहरी क्षेत्रों के ग्राहकों की व्यक्तिगत और कमर्शियल जरूरतें पूरी करेगी। ये नए स्कूटर और ओला का मौजूदा पोर्टफोलियो ओला इलेक्ट्रिक को विभिन्न श्रेणियों में किफायती पेशकशों द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार करने का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेंगे। ये स्कूटर विभिन्न ग्राहकों को जरूरतों को पूरा करते हैं, जिससे सभी को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रदान करने में मदद मिलेगी। ओला गिग और ओला एस1 जेड सीरीज की डिलीवरी क्रमशः अप्रैल 2025 और मई 2025 से शुरू होगी।

नेशनल लोक अदालत 14 दिसम्बर को

भोपाल। म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 दिसम्बर (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

मेरिल का मायवॉल ऑक्टाप्रो टीएचवी बना ग्लोबल फोकस

भोपाल। कार्डियोवैस्कुलर और स्ट्रक्चरल हार्ट सोल्युशन्स में अग्रणी ग्लोबल मेड-टेक कंपनी मेरिल लाइफ साइंसेज ने पीसीआर लंदन वॉल्व्स 2024 और जीआईएसई 2024 (नेशनल कॉन्ग्रेस ऑफ इटैलियन सोसाइटी ऑफ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी) में मायवॉल ऑक्टाप्रो ट्रांसकैथेटर हार्ट वॉल्व (टीएचवी) के लॉन्च के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। इन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक मंचों ने मेरिल को आधुनिक हार्ट केयर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। मायवॉल टीएचवी सीरीज, जो ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रक्रियाओं में उत्कृष्टता के लिए जानी जाती है, ने अपनी नवीनतम पेशकश मायवॉल ऑक्टाप्रो टीएचवी के साथ नए मानक स्थापित किए हैं। यह नई तकनीक लो फ्रेम फोरशॉर्टनिंग को पेश करती है, जो ऑपरेटर को बेहतर नियंत्रण और सटीक तैनाती के साथ प्रक्रिया की पूर्वानुमान क्षमता को बढ़ाती है। इसमें विभिन्न आकारों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जिससे हर मरीज के अनुरूप वॉल्व का चयन किया जा सकता है। डॉ. राजनीश कपूर, चेयरमैन, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, मेदांता, गुरुग्राम, ने कहा-हमारे सभी मरीज, जिन पर मायवॉल ऑक्टाप्रो का उपयोग किया गया, सफलतापूर्वक इलाज पा चुके हैं। यह तकनीक ट्रांसकैथेटर हार्ट वॉल्व इनोवेशन में एक ऐतिहासिक कदम है। मेरिल की टीम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई।

पत्रकारिता विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना का उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनंत कुमार सक्सेना एवं मुख्य वक्ता राहुल सिंह परिहार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.(डॉ.) अविनाश वाजपेयी ने की। मुख्य वक्ता राहुल सिंह परिहार ने एनएसएस के उद्देश्यों और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें एनएसएस के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के वरिष्ठ स्वयं सेवकों ने तिलक और बैच से स्वागत किया । इस अवसर पर एनएसएस के लक्ष्य गीत एवं स्वयं सेवकों द्वारा तैयार प्रस्तुतियां दी गईं । कार्यक्रम के अंत में पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले स्वयंसेवक केशव कुशवाहा और अनुष्का पांडे को वालंटियर ऑफ द मंथ टाइटल से नवाजा गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री मनीषा वर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक सुप्रिया पांडे, नमन अटोलिया, श्रेयांश कुमार, प्रतीत चांडक, अतुल वर्मा, मांसी शर्मा, केशव, ताविशी, अनुष्का एवं विश्वविद्यालय के छात्र मौजूद रहे।

कामधेनु मध्यप्रदेश में करेगी अपनी उपस्थिति को और मज़बूत

भोपाल। भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है की कंपनी ने मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम ब्रांडेड टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट की उत्पादन क्षमता को और बढाकर 04 लाख मैट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, कामधेनु ने अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी और मज़बूत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, हम मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्ट की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं।

अब तक 5 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

भोपाल। राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के जरिए भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय एप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 05 लाख 10 हजार 360 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने की रणनीतिक इंश्योरेंस साझेदारी

भोपाल। भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) और भारत की लीडिंग प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में शामिल भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने आज एक रणनीतिक बैंकाश्योरेंस साझेदारी करने की घोषणा की है। भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस, भारती लाइफ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इस साझेदारी का उद्देश्य एयू एसएफबी के ग्राहकों को व्यापक रूप से लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) और वित्तीय सुरक्षा के विकल्प प्रदान करना है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ, उत्तम टिबरेवाल और भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, पराग राजा ने आज मुंबई में एक कार्यक्रम में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कोहरे में ट्रेन संचालन अब सुरक्षितः भोपाल मंडल में 341 फॉग सेफ डिवाइस का उपयोग

भोपाल। मंडल में कोहरे के मौसम में संरक्षित रेल संचालन के लिए मंडल रेल प्रबंधक भोपाल श्री देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण परिचालन) श्री सचिन शर्मा के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रेल संचालन से जुड़े कर्मचारियों को विशेष निर्देश के साथ-साथ बाधा रहित ट्रेन संचालन में उपयोगी उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। सर्दियों के मौसम में कोहरे के दौरान भोपाल मंडल में लोको पायलटों को लोको में उपयोग हेतु 341 फॉग सेफ डिवाइस दिए गए हैं। कोहरे के दौरान दृश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे लोको पायलटों के लिए सिग्नल और ट्रैक की स्थिति का सही तरीके से आकलन करना मुश्किल हो जाता है। ऐसी परिस्थितियों में फॉग सेफ डिवाइस लोको पायलटों की मदद के लिए डिजाइन किया गया है। यह उपकरण सिग्नल की सटीक जानकारी प्रदान करता है साथ ही अलग स्थानों पर लगे सिग्नल एवं पर दाहिनी ओर लगे सिग्नल को विशेष रूप से चेतावनी के साथ इंगित करता है, जिससे ट्रेनों का संचालन सुरक्षित और निर्बाध रूप से हो सके।

सूडोकु नवताल 7258 — सरल

3	9				1			
5	4			6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3			2	4
			6				7	9

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7257 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

9	6	2	3	4	1	7	5	8
1	4	8	9	7	5	6	2	3
5	7	3	2	6	8	1	4	9
3	2	1	6	9	4	8	7	5
4	8	7	5	1	2	9	3	6
6	9	5	8	3	7	4	1	2
8	3	4	7	2	6	5	9	1
2	1	6	4	5	9	3	8	7
7	5	9	1	8	3	2	6	4

काकुरो पहेली - 6937



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

	1	2	3	4	5
7					
8					
9					

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 6936 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8324



बाएँ से दाएँ

1. साले की पत्नी-4
3. तच्च कुल का -3
5. पाताल-4
8. व्यंग, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स, हाथ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चिंत -4

ऊपर से नीचे

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट- 4
16. जांघ-2
17. पैगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोग -2
24. निश्चिंत-2

शब्द पहेली - 8323 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6755



ऊपर से नीचेः-

१. 'बहुत खूबसूरत गजल' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
२. फिल्म 'गदर' में अमीषा पटेल के पिता की भूमिका किसने की थी ?-४
३. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
४. 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
५. विश्वजीत, राजश्री की ' ना ये जमीं थी ना आसमाँ' गीत वाली फिल्म-३
९. 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१२. 'हम प्यार में जलनेवालों को' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'तुम मुझे यूँ' गीत वाली फिल्म जिसमें शम्मी ने पागल की भूमिका की-३,२,१
१४. 'आला रे पाउस आला' गीत वाली फिल्म-३
१५. बॉबी, टिवंकल खन्ना की 'तेरी अदाओं पे मरता हूँ' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'अच्छा जी मैं हारी' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
१७. 'रू तू तू दिल में है तू' गीत वाली अक्षय कुमार, रवीना टंडन की फिल्म-२
१९. 'आजा सजन आजा' गीत वाली फिल्म-५
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की एक फिल्म-३
२५. संजयदत्त, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२९. नाना, पुरू, अनुपमा की 'बहुत खूबसूरत हैं आँखें तुम्हारी' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. फिल्म 'कर्ज' में नायिका कौन थी-२
२. फिल्म 'चला मुरारी हीरो बनने' का नायक कौन था-४
६. फिल्म 'अभय' में दोहरी भूमिका करने वाला नायक -३
७. 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'विश्वनाथ' में शत्रुघ्न सिन्हा के साथ नायिका कौन थी-२
१०. फिल्म 'मैं ने प्यार किया' में सलमान खान की माँ की भूमिका किसने की थी-२
११. हेमा मालिनी वाली फिल्म 'प्रेमनगर' का नायक कौन था ?-३
१६. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
१७. संजय, चंद्रचूड़, महिमा चौधरी की फिल्म-२,१,३
१८. 'मेरे दिल ने जो माँगा' गीत वाली फिल्म-४
२०. फिल्म जिसमें राजकपूर का डबल रोल था-२
२१. 'तू कितने बरस की' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२३. ऋषिकपूर, जेबा की 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
२४. फिल्म 'शोले' में अमिताभ के किरदार का क्या नाम था ?-२
२६. फिल्म जगत में राजेश खन्ना का प्रचलित नाम-२
२८. सलमान. रेवती की 'आजा गिव मी ए किस' गीत वाली फिल्म-२
३०.'इस जहाँ की' गीत वाली जैकी, अनु अग्रवाल, नगमा की फिल्म-२,३
३१. लोकप्रिय गीत 'इश्क कमीना' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 6754

का	ला	प	त्थ	र		को	ह	ग	
र		ड़ो		क्ष	त्रि	य		ही	ग
वाँ		स	ड़	क		ला	वा		खी
	जा	न			ज		दा	दा	
दि	ल		ख	ट्ठा	मी	ठ		मि	ली
व्या		खे	ल		र		स	नी	
	प		ना	ना		डॉ	न		डो
प	रि	च	य		सु		म	वा	ली
	वा		क	सू	र			रि	
पा	र	स		र्या		वि	ग	स	त

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 6864

7	4	5	2			
	38		32	1	27	7
	3			6		2
	30		40	7	32	
6	1	4			5	3
	24		36	4	30	5
1			7		2	

प्रस्तुत खेल सूडोकु व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6863 का हल

5	1	3	6	7	2	4
6	34	6	33	1	33	7
7	5	1	3	6	4	2
1	26	2	29	4	33	5
4	1	5	6	2	7	3
3	30	4	37	5	33	6
2	4	7	5	3	6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7864

ग	दि	न	ल	बे	म	ज	उ	न	र	क
गो	ड	म	द	र	वा	जी	म	इ	अ	ल
आ	प	दे	पू	ह	जी	व	रा	का	व	दि
ए	ची	तं	श	ट	ज	प	व	पा	ता	र
क	त	ई	ग	में	व	खें	जा	भा	र	इ
आ	मे	म	दे	दे	व	ता	न	ई	न	ति
द	जं	न्ना	मे	प	क	ता	या	ज्या	है	हा
मी	म	क	ए	सं	र	प	र	ला	म	स
ले	बो	र्न	य	त	चि	व	री	मु	न	क्स
त	ह	म	पां	च	वा	त्र	रि	खी	म	प्रे
वे	बी	लो	नि	या	ल	र	न	श	त	स

शब्दजाल में शबाना आजमी की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

उमराव जान, गोडमदर, पतंग, इतिहास, एक आदमी, हम पांच, ज्वालामुखी, अवतार, देवता, परवरिश

शब्दजाल - 7863 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore